आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 जुलाई 2026 सान्ध्य समाचार

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहली जुलाई से विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण, वीबी–जी रामजी–अधिनियम 2025 सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की मुख्य सहायता राशि जारी की। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ एक दिन में लागू कर दिया गया।

मनरेगा को पूरे देश में लागू करने में 3 साल लगे थे, लेकिन मुझे आप सब पर गर्व है 1 साल 2 साल नहीं, पहले दिन ही विकसित भारत जी राम जी योजना एक साथ पूरे देश में लागू हो गई। सौ दिन नहीं अब 125 दिन रोजगार। 5 साल में साढ़े सात लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दो लाख 86 हजार पंचायतों में ठीक से लग गई तो गांव संपूर्ण विकसित हो जाएंगे, समृद्ध और विकसित गांव का निर्माण हो जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि वीबी–जी–रामजी योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

****

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कल अपने सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है, जिसमें ट्रस्ट को प्राप्त दान की जांच कर रहे विशेष जांच दल– एसआईटी के निष्कर्षो सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। यह बैठक दोपहर बाद तीन बजे मणिराम दास छावनी, अयोध्या धाम में आयोजित की जाएगी। बैठक की कार्यसूची में महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा द्वारा दिए गए त्यागपत्रों पर विचार किया जाना शामिल है। बैठक में भविष्य में राम मंदिर के प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

****

परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइया और अन्य कर्मियों को सामूहिक बीमा का लाभ दिया जायेगा। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने के लिये बेसिक शिक्षा विभाग आठ जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वाराणसी में भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों और अन्य कर्मियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड का वितरण भी किया जायेगा।

****

प्रदेश सरकार गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच देने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। कल से 11 जुलाई तक प्रदेश की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन महाअभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से लाखों गन्ना किसान परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में विशेष सहायता एवं नामांकन काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी, पात्रता का सत्यापन, दस्तावेजों की जांच, बैंकिंग सहायता और तत्काल नामांकन की सुविधा मिलेगी। नए सदस्य पंजीकरण, बैंक खाते खोलने तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

****

सरकार ने तरल प्राकृतिक गैस– एल एन जी की आपूर्ति से आपातकालीन पाबंदियां हटा ली हैं। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्धविराम के बाद होर्मुज जल डमरू मध्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने के बाद किया गया है।

****

सरकार ने सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर शुल्क वाले विज्ञापनों में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के प्रसार को लेकर मेटा को कड़ी चेतावनी जारी की है। एक रिपोर्ट–

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा से सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में डिजिटल कानूनों के अन्तर्गत अश्लील सामग्री और बाल यौन शोषण सामग्री का वितरण एक अपराध है। इससे पहले, मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का संज्ञान लिया था जिनमें कहा गया था कि इंस्टाग्राम पर कुछ आपत्तिजनक सामग्री प्रदर्शित की जा रही है जो बाल यौन शोषण को बढ़ावा देती है और अधिकारियों को मेटा से जवाब मांगने के निर्देश जारी किए थे। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

****

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का निधन हो गया है। आज तड़के लगभग सवा तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। एक साधारण परिवार में जन्मीं तीजन बाई ने पंडवानी के जरिये महाभारत की कथाओं को मंच पर जीवंत कर भारतीय लोक संस्कृति को विदेशों में भी प्रतिष्ठित किया।

****

प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर और बलिया सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में आज तेज हवाओं के बीच रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले चार दिनों तक गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया है।

****